दिनांक 30.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर को अच्छा प्रतिसाद

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम , भिलाई जिला स्वास्थ्य विभाग एवं अनेक समाजसेवी संगठनों तथा निजी चिकित्सकों के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श सांस्कृतिक क्रीडा मण्डल दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर में जो सुबह 10.00 से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित थी। विभिन्न प्रकार के मौसमी एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित 188 व्यक्तियों ने मुफ्त चिकित्सकीय परीक्षण का लाभ उठाया। इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की गाईनीकोलाजिस्ट डा 0 पूर्णिमा भगतकर, रीता चौधरी, डा0 बी. बालकृष्णा, डा0 सोहेल जैन, डा0 देवेन्द्र बेलचंदन, डा0 सतीष चन्द्राकर, डा0 रीना नायक, डा0 रश्मि बेलचंदन तथा आशीर्वाद ब्लड बैंक , सनसाईन हास्पिटल, व्ही.वाई. हास्पिटल, रेड ड्राप छ0ग0, जनस्वास्थ्य विभाग नगर पालिक निगम , भिलाई, एक्वाप्रेसर विशेषज्ञ बलजीत सिंह और मधु साहू, स्वदेश बाबर, होमेन्द्र बेलचंदन, भूषण लाल साहू, दुष्यंत शर्मा, दीपक यादव, केयूर देवांगन, सहित अनेक चिकित्सा सेवा से जुड़े हुए अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर परिषद के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, जोन 06 के जोन अध्यक्ष भूपेश ठाकुर, महापौर परिषद शिक्षा प्रभारी केशव बंछोर, पार्षद राजेन्द्र रजक, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसेडर गिरीराव , डा. राजेश साहू, सोनाली चक्रवर्ती, शहाना परवीन, पर्यावरण मित्र मण्डल के सदस्यगण , मयारु संगवारी ग्रुप के सदस्य , ओजस महिला मण्डल रिसाली के सदस्य , और आदर्श सांस्कृतिक क्रीडा मण्डल के सदस्य , वार्ड 60 के पार्षद चुम्मन देशमुख उपस्थित रहें। जन सुनवाई फाउन्डेशन, आशीर्वाद ब्लड बैंक की तरफ से उपस्थित चिकित्सको और संगठनों को जन सरोकार और रक्त मित्र प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस शिविर में एलोपैथिक कार्डियक, गाईनिक, चेस्ट एण्ड क्रिनिकल केयर , फिजियाथेरेपिस्ट, नेत्र चिकित्सक, एक्वाप्रेसर पद्धति, से स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ 10 से ज्यादा रक्त दाताओं ने आशीर्वाद ब्लड बैंक तथा रैडड्राप छ0ग0 ब्लड कनेक्शन यूनिट को रक्त दान किया। जिसमें एक रक्तदाता द्वारा एक दुर्लभ रक्त समुह एबी निगेटिव का रक्तदान किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में नगर पालिक निगम , जोन 06 के अधिकारी, कर्मचारी व स्वास्थ्य का अमला , के0के0 सिंह, अजय शुक्ला, रामायण सिंह और जनसम्पर्क अधिकारी उपस्थित रहें।

सुविधाएँ
वेंटीलेटर
ऑपरेशन थियेटर
एक्सरे